कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली (राज.)

प्रेस–सूचना

दिनांक : 19/08/2020

निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार, राजकीय महाविद्यालय करौली में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में प्रवेश हेतु एक्स स्टूडेन्ट्स को भी पात्र माना गया है। अतः सभी एक्स स्टूडेन्ट्स को सूचित किया जाता है कि वे अपनी नियमित प्रवेश के समय की एप्लीकेशन आईड़ी के द्वारा 21 अगस्त से 31 अगस्त 2020 तक ईमित्र पर फीस जमा करायें।

स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में प्रवेश नवीनीकरण हेतु जो नियमित विद्यार्थी किसी कारणवश या जानकारी के अभाव में 15 जुलाई तक फीस जमा नहीं करा पाये, उन्हें एक और अवसर दिया गया है। ऐसे विद्यार्थी भी 21 अगस्त से 31 अगस्त 2020 तक ईमित्र पर फीस जमा करायें।

स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20.08.2020 है। प्रथम मैरिट तथा प्रतीक्षा सूचियां 27 अगस्त को प्रकाशित की जायेंगी तथा ईमित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 02 सितम्बर 2020 है।

स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध की प्रवेश प्रक्रिया निदेशालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद प्रारम्भ होगी।

(रफ़ीक़ अहमद)
नोडल अधिकारी
ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया

(डॉ. ज्ञानेश्वर मीना)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली

Scanned with CamScanner